तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025



11 पीले फूलों की छटा बिखेरते राम तिल के खेत बने ...



12 दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर बसे मांगनार ...






**खबर संक्षेप**

### बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार



**जगदलपुर।** शहर के अलग अलग इलाके से बाइक की चोरी करने वाले शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले ओडिशा व स्थानीय दो आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाइक भी बरामद किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर, न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।
प्रार्थी नरसिंह कश्यप निवासी ग्राम सरगीपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 3 अक्टूबर को वह मीना बाजार देखने आया था। इस दौरान बाइक खड़ी कर वह अंदर गया था वापस आने पर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन, एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी धोत्रे सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली भोलासिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। इसी दौरान सीसीटीवी के आधार पर आरोपी हेमंत कुमार 25 साल पता ग्राम बम्हनी थाना नगरनार तथा अरुण हरिजन 19 साल पता सोसाहांडी थाना कोटपाड़ जिला कोरापुट ओडिशा की पहचान कर हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।

### सरकार की उपेक्षा से बढ़ा कर्मचारियों का आक्रोश




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये को जिम्मेदार ठहराते हुए तीन दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया है। फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान और बस्तर जिला संयोजक गजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 19 नवंबर को प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अनुरूप कर्मचारियों को लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता,लगभग 80 माह का एरियर्स जीपीएफ में समायोजित करने सहित 11 सूत्रीय मांगों पर शासन से बार-बार पत्राचार और एक दिवसीय हड़ताल के बावजूद सरकार ने सकारात्मक कार्रवाई नहीं की। फेडरेशन ने चेतावनी दी कि आंदोलन के तृतीय चरण के तहत 22, 23 और 24 दिसंबर को सभी विभागों में सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप्प रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। फेडरेशन की मुख्य मांगों में केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई शेष पेज 10 पर

# बस्तर में नक्सलवाद का अंत और योग का विस्तार शुभ संकेत : सांसद कश्यप


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

फिट बस्तर हिट बस्तर अभियान के अंतर्गत आयोजित 5 दिवसीय योगा फेस्ट के तीसरे दिवस का आयोजन प्रेरणादायी परिस्थितियों में सम्पन्न हुआ। सांसद महेश कश्यप ने विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर योग साधकों को स्वस्थ जीवन, संतुलित मन और राष्ट्रनिर्माण में योग की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

सांसद ने कहा योग केवल व्यायाम नहीं, यह हमारी ऋषि परंपरा की धरोहर है। योग मन,शरीर और विचार को संतुलित कर जीवन को ऊर्जा,अनुशासन और सकारात्मकता से भर देता है। यदि बस्तर का प्रत्येक व्यक्ति योग अपनाए तो यह क्षेत्र शांति, स्वास्थ्य और विकास का मार्गदर्शक बन सकता है। उन्होंने साधकों के साथ योगाभ्यास, प्राणायाम, कठिन योगासन, अक्षिधोवन, जलनेती और पौष्टिक अंकुरित नाश्ते का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन के लिए आदर्श संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन और योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि पतंजलि योग समिति द्वारा 53 स्थानों पर प्रतिदिन निःस्वार्थ योग सेवा स्वास्थ्य जागरूकता का असाधारण उदाहरण है। उन्होंने योग प्रचार–प्रसार और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**पतंजलि योग परिवार की 53 नियमित योग कक्षाओं में जुड़ने की अपील**



**30 को होगा समापन**

योगा फेस्ट का संचालन समिति के पदाधिकारियों में डॉ मनोज पानीग्राही प्रदेश प्रभारी, पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़, मनोज चंद्रा जिला अध्यक्ष, पतंजलि योग समिति बस्तर, जितेन्द्र मिश्रा जिला अध्यक्ष,भारत स्वाभिमान न्यास बस्तर, श्रीमती मंजू लुंकड़ जिला प्रभारी, महिला पतंजलि के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का भव्य समापन 30 नवम्बर को होगा।

**विकल्प ने 30 को दण्डकारण और छत्तीसगढ़ बंद का किया आव्हान**

# एमएमसी जोन के नक्सली एक जनवरी को करेंगे सामूहिक सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के एलान के बाद एक ओर जहां प्रभावित राज्यों में समर्पण का दौर जारी है, वहीं दूसरी ओर लगातार समर्पण व मुठभेड़ के बाद नक्सल संगठन में हड़कम्प मचा हुआ है। नक्सल संगठन की एक कमेटी संघर्ष विराम की बात कर रही है तो वहीं दूसरी कमेटी अभी भी मारे गए माओवादियों के मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए बंद का आह्वान कर रही है। नक्सल मोर्चे के दो प्रवक्ताओं द्वारा अलग अलग प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया है।

- **अनंत ने कहा कि सशस्त्र संघर्ष को अस्थाई रूप से विराम देते हुए मुख्यधारा में जुड़कर जनता के बीच करेंगे काम**

इसमें सबसे अहम माओवादी पार्टी के महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत का प्रेस नोट है। प्रेस नोट में अनंत ने ऐलान किया है कि एमएमसी स्पेशल जोनल कमेटी के माओवादी 1 जनवरी को एक साथ सरेंडर करेंगे और छत्तीसगढ़ सरकार के पूना मार्गेम को स्वीकार करेंगे। प्रेस नोट में अनंत ने कहा कि उन्होंने सशस्त्र संघर्ष को अस्थाई रूप से विराम देते हुए समाज के मुख्य धारा में जुड़कर जनता के बीच जाकर काम करने का फैसला लिया है। प्रेस नोट में लिखा है कि यह क्रांति के साथ धोखा और जनता के साथ विश्वासघात नहीं है। हथियार छोड़ देना का मतलब गद्दारी नहीं होता। अनंत ने नक्सल संगठन के साथियों से अपील की है कि कठिन परिस्थिति में धैर्य ना खोये। अकेले-अकेले जाकर आत्मसमर्पण ना करें। हम सब एक साथ सामूहिक रूप से 1 जनवरी 2026 को हथियार छोड़कर पूना मार्गेम स्वीकार करेंगे।

**हिड़मा का एनकाण्टर फर्जी 30 नवंबर को बंद का आव्हान**

एक अन्य प्रेसनोट 22 नवम्बर को दंडकारन्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने जारी किया है। इसमें माड़वी हिड़मा का फर्जी एनकाउंटर की बात कही गई है। इस प्रेस नोट में 18 व 19 नवम्बर को आंध्रप्रदेश के मराडमल्ली में हुई मुठभेड़ को फर्जी करार दिया गया है। इसमें दो नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा और टेक शंकर सहित कुल 13 माओवादियों की मौत हुई थी। विकल्प ने इस मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए 30 नवम्बर को दण्डकारण और छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है।



**देवजी समेत अन्य को गिरफ्तार करने का लगाया आरोप**

विकल्प ने जारी प्रेस नोट में बताया कि नक्सल नेता देवजी सहित 50 अन्य नक्सलियों को अलग अलग जगहों में गिरफ्तार किया गया है। प्रेस नोट में उन्हें न्यायालय मे पेश करवाने के उल्लेख करते हुए मांग की गई है। विज्ञप्ति में कामरेड राजू दादा और कोसा दादा के मुठभेड़ को भी फर्जी बताया है। प्रेस नोट में विकल्प ने लिखा है कि समस्त दण्डकारण क्षेत्र में अन्याय पूर्ण तरीके से सरकार युद्ध की स्थिति बना रही है। साथ ही साथ यह कानूनों का घोर उल्लंघन हो रहा है। यह सब जल-जंगल-जमीन को लूटने और कंपनियों को खोलने के उद्देश्य से हो रहा है।

# मोदी की गारंटी से बस्तर में विकास का महामार्ग प्रशस्त

**जगदलपुर।** सांसद महेश कश्यप के निरंतर प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भारत सरकार ने 548.42 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 177 नई सड़कों (कुल 577.70 किमी) के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय बस्तर के अविकसित और दूरस्थ इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

- **548 करोड़ से अधिक की 177 नई सड़कों को मंजूरी**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेषित पत्र में कहा है कि ये सड़कें ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती देंगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति प्रदान करेंगी। इस परियोजना के पूर्ण होने पर बस्तर की 181 बस्तियों को बारहमासी सड़क सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्र के हर नागरिक को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।



**सांसद कश्यप ने जताया आभार :** सांसद महेश कश्यप ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह स्वीकृति बस्तर के लिए एक बड़ी सौगात है, जो हमारे क्षेत्र की विकास गति को और तेज करेगी। इन सड़कों से शिक्षा,स्वास्थ्य,व्यापार और कृषि उत्पादों के परिवहन में नई सहजता आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चरणों में भी बस्तर को पीएमजीएसवाई शेष पेज 10 पर

# 29 एकड़ वन क्षेत्र में आदतन अपराधी का अतिक्रमण, वन विभाग ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के चित्रकोट परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम करंजी के समीप लगभग 29 एकड़ वन क्षेत्र में आदतन अपराधी ने अतिक्रमण किया था। वन विभाग ने अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी किया। आरोपी ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इससे शुक्रवार को ग्रामसभा के सदस्यों के सहयोग से वन विभाग ने अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर हटाया। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से पत्थर से कच्ची दीवाल को तोड़ दिया गया। इससे वन क्षेत्र में अतिक्रमण को मुक्त कराया गया।

- **पत्थर से कच्ची दीवाल को जेसीबी चलाकर कराया गया मुक्त**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर वन मंडल अंतर्गत चित्रकूट परिक्षेत्र के करंजी ग्राम में गांव के समीप लगे हुए वन क्षेत्र में आदतन अपराधी गोरा कश्यप द्वारा लगभग 29 एकड़ वन क्षेत्र में जबरन कब्जा कर पत्थर से कच्ची दीवाल बनाकर अवैध अतिक्रमण किया गया था। इसे ग्राम सभा के प्रस्ताव उपरांत वन विभाग बस्तर द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 अ के तहत नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी अतिक्रमणकारी द्वारा अपने अतिक्रमण को नहीं हटाने की स्थिति में 28 नवंबर को वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम सभा करंजी के सदस्यों के सहयोग से समस्त वन क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी बेहद ही शातिर किस्म का आरोपी है तथा न्यायिक हथकंडा अपना कर ग्रामीणों को विभिन्न प्रकरणों में फंसाने की धमकी देकर दबाव बनाया हुआ था। उसे तंग आकर करंजी ग्राम के समस्त ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर वन विभाग एवं राजस्व विभाग को कार्रवाई करने हेतु आदेश दिया गया था। अतिक्रमण को हटाने में शेष पेज 10 पर





**कमिश्नर ने पशु चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण**

# पालतू मवेशियों का पशुपालक कराएं टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने शुक्रवार को जिला पशु चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर पशु चिकित्सा सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने उक्त चिकित्सालय में पशुपालकों को अपने पालतू मवेशियों के सघन टीकाकरण करवाने सहित उपचार कराए जाने के लिए समझाइश देने कहा। साथ ही पालतू पशुओं को चिकित्सालय लाकर समुचित ईलाज और जरूरत के अनुरूप ऑपरेशन करवाए जाने के लिए परामर्श देने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु कल्याण समिति की बैठक को नियमित तौर पर करने सहित उक्त मद से चिकित्सालय की आवश्यकता के अनुरूप छोटे उपकरण तथा राज्य स्तर से आपूर्ति नहीं होने वाले दवाइयों का क्रय किए जाने कहा। साथ ही जरूरत के अनुसार चिकित्सालय परिसर में शेड निर्माण करवाने के निर्देश दिए। वहीं एक्सरे मशीन के मरम्मत हेतु जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पशु चिकित्सालय तथा परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता से हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने कहा। वहीं अनुपयोगी वाहनों, उपकरणों एवं सामग्रियों को नियमानुसार अपलेखन किए जाने के निर्देश दिए।




कमिश्नर ने इस दौरान जिला पंचायत के समीप पशु अन्वेषण प्रयोगशाला का भी निरीक्षण कर यहां पर ब्लड सेम्पल, वीर्य एवं यूरिन सेम्पल इत्यादि की जांच के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस संस्था की जरूरत के मद्देनजर नवीन उपकरण एवं मशीन की आपूर्ति के लिए प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. देवेन्द्र नेताम, चलित पशु चिकित्सा यूनिट के प्रभारी डॉ. देव सहित अन्य पशु चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख दी सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा में मृत 5 व्यक्तियों के वारिसों को त्वरित राहत देते हुए कुल 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। प्रत्येक परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता राशि सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए हैं। केशकाल बहीगांव गायत्री मण्डावी सर्पदंश पिता सुरेश मण्डावी को 4 लाख, फरसगांव मोदेरू बेदबती गड्ढे में गिरकर डूबने से मौत पुत्री प्रियंका उर्फ पिंकी योगिता एवं पुत्र योगेश ईवान को 4 लाख स्वीकृत किए है। माकड़ी बुडरा रोशनलाल पाण्डे पानी में डूबने से माता उषा पाण्डे एवं पिता विश्राम पाण्डे को 4 लाख, कोण्डागाँव गिरोला अनंतराम नेताम दीवार गिरने से पत्नी सुनीता नेताम को 4 लाख, बड़ेराजपुर कुरूभाट रमशीला पानी में डूबने से पति जससिंह को 4 लाख की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों की त्वरित जाँच कराकर सहायता राशि मंजूर की। संबंधित तहसीलदारों को राशि तुरंत खाते में जमा कराने के निर्देश दिए।

### अवैध शराब बेचने वाला ग्रामीण गिरफ्तार, मप्र की मदिरा बरामद



**केशकाल।** जिला कोण्डागांव थाना विश्रामपुरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोसमी में घर में दबिश देकर पुलिस ने अवैध शराब व नकद बरामद किया है। शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी उप निरीक्षक विनोद नेताम के नेतृत्व में ग्राम कोसमी स्कूलपारा निवासी महाराजी कश्यप पिता स्व. नवल राम कश्यप उम्र 56 वर्ष द्वारा अपनी घर बाड़ी में एक प्लास्टिक थैले में मध्यप्रदेश निर्मित 40 नग गोवा व्हीस्की प्रत्येक- प्रत्येक 180 एमएल सीलबंद कुल मात्रा 7 लीटर 200 मिली कीमत 4800 रुपए एवं नकद 1000 रुपए को जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई में प्रआर देवार्चन सिदार, आरक्षक शिवनाथ बर्वे, जागेश मण्डावी, मआर जया पाण्डे का अहम भूमिका रही।

### जिले में गणना प्रपत्र वितरण लगभग पूरा, अब संग्रहण और डिजिटाइजेशन

**कोण्डागांव।** राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 4 नवंबर से चल रहा है। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 रखी गई है। जिले में बीएलओ द्वारा घर–घर गणना प्रपत्र बाँटने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब प्रपत्रों का संग्रहण और बीएलओ ऐप में डिजिटाइजेशन का काम जोर–शोर से चल रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी नागरिकों से स्पष्ट चेतावनी दी है यदि कोई मृत व्यक्ति के नाम पर विदेश चले गए या भारतीय नागरिकता छोड़ चुके व्यक्ति के नाम पर, एक ही व्यक्ति का नाम दो–तीन जगह दर्ज है और जानबूझकर एक से अधिक प्रपत्र भरे जा रहे हैं तो यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–31 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें जुर्माना और जेल दोनों हो सकती है।

**सही जानकारी ही भरें, गलत घोषणा न करें** – बीएलओ जब प्रपत्र वापस लेने आएं तो केवल सही और जीवित व्यक्तियों की जानकारी दें। मृत व्यक्ति या बाहर चले गए लोगों का नाम हटवाने में सहयोग करें। एक व्यक्ति एक ही जगह वोटर लिस्ट में रहे यह सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन की अपील सूची को शुद्ध और सटीक बनाने में अपना सहयोग दें। गलत जानकारी देना कानूनी अपराध है। अपने बीएलओ से संपर्क करें और सही जानकारी दें।

# जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बालक आश्रम खवगांव के मैदान में आयोजित जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 नवम्बर को प्रातः 9 बजे हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम 28 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनीता कोर्राम, जिला पंचायत अध्यक्ष कोण्डागांव उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती हेमा कश्यप, सरपंच ग्राम पंचायत खवगांव द्वारा की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्राम स्तरीय पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए । कुशीराम सदस्य जिला पंचायत कोण्डागांव, श्रीमती सुंदरी बत्ती सौंड़ी सदस्य जिला पंचायत जवलाल नेताम सरपंच ग्राम पंचायत थरगांव, श्रीमती गीता बघेल सरपंच ग्राम पंचायत मयूरडोंगर, श्रीमती अनीता बघेल सरपंच ग्राम पंचायत झारा, श्रीमती पीतलाबाई बघेल सरपंच ग्राम पंचायत बेजौली, श्रीमती मनदाई बघेल सरपंच ग्राम पंचायत अँभेली, दीपक बघेल, पूर्व सरपंच खवगांव, श्री कोर्राम पूर्व जनपद सदस्य, शंकरलाल मिडाम वार्ड पंच नवागांव, सुनील बघेल उपसरपंच दरगांव, जगत बघेल, पंचायत सचिव मयूरडोंगर, विद्यालय स्टाफ पालकगण और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधान पाठक, शिक्षक–शिक्षिकाएँ, पालकगण, छात्र–छात्राएं एवं स्थानीय जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकुल केंद्र गोलावण्ड, झारा, मयूरडोंगर द्वारा यह आयोजन समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सम्पन्न कराया जा रहा है।

**खास बातें**

- संकुल केंद्र गोलावण्ड, झारा, मयूरडोंगर में तीन दिवसीय आयोजन



### बाबा साहेब सेवा संस्था व मूलनिवासी समाज का बनियागांव में कार्यक्रम

# बच्चों के साथ सभी ने संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संविधान दिवस पर बाबा साहेब सेवा संस्था एवं मूलनिवासी समाज द्वारा 26 नवंबर को ग्राम बनियागांव स्कूल खेल मैदान में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान को अपनाने की ऐतिहासिक तिथि को स्मरण करना और इसके मूल्यों को जन–जन तक पहुँचाना था।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों, सम्मानित अतिथियों, समाज प्रमुखों तथा स्कूली बच्चों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान भारत को संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाए रखने के संकल्प को दोहराया गया। वक्ताओं ने संविधान की विशेषताओं जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान ने सभी वर्गों, विशेषकर महिला व पुरुषों को समान संवैधानिक अधिकार देते हुए उन्नति का अवसर प्रदान किया है। ग्राम के सरपंच, सचिव, पंच, जनपद सदस्य, समाज प्रमुख एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने संविधान के प्रति जिम्मेदारी निभाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया।



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में विष्णु बघेल, संजय बोरकर, भंजन जांगड़े, सुरेंद्र सोनपिपरे, फागु यादव, पंचू सागर, तिलक पांडे, प्रमोद भारतीय, भुवन लाल मार्कंडेय, मुकेश मारकंडे, संदीप वासनिकर, रमेश पोयम, संदीप कोर्राम, देवानंद चौरे, नरसिंह मांडवी, सचिव वीरेंद्र नेताम, गुंडाधुर नेताम, पुष्कर सिंह मांडवी, सिद्धार्थ महाजन, अहमद निसार, भावेश नेताम, कुशल साहू, नकुल पोयम, दीनबंधु पोयम, सुभाष सोनी, परमेश्वर पोयम, अनमदेव पोयम, पुरुषोत्तम गुड़िया, रिंकू पटेल, मानक लाल पटेल, शतन पोयम, संगीता, रोशनी, संगीता तुलाराम, रीत, सीमा, युवराज, लोकेश, ऋषभ, सुंदर, सतीश सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर बच्चों ने दिखाया जोश

**कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल आश्रित ग्राम तरईबेड़ा की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पूजा–अर्चना से हुई, इसके बाद सभी ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर शपथ ली। इस वर्ष की थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर बच्चों ने कविता, भाषण, निबंध लेखन, चित्रकला और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। हर बच्चे ने संविधान के महत्व को अपने–अपने अंदाज में समझाया। प्रधान पाठक अघन सिंह मंडावी ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। यह दिन हमें संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर देता है। हमें संविधान को सिर्फ पढ़ना नहीं, जीना है।

**शिक्षक–विद्यार्थियों ने लिया राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प** – कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रधानपाठक अघन सिंह मंडावी, प्र.पा. लगूराम नेताम, शिक्षक सियाराम नेताम, गोपाल राम नेताम, पुरन सिंह यदु, शिक्षिका श्रीमती शीतल मरकाम, सहायक शिक्षक दसरू मंडावी, मुकेश नेताम सहित सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और दैनिक जीवन में संवैधानिक मूल्यों को अपनाने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।



# मर्दापाल सब स्टेशन में लगा नया ट्रांसफार्मर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के सतत प्रयासों का बड़ा परिणाम सामने आया है। गुरुवार को मर्दापाल सब–स्टेशन में 3.15 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया गया।

मर्दापाल, गोलावंड, कुरुषनार, मुलनार, कुधुर, हसलनार, चांगेर, हड़ेली, ढोल मांदरी, बालासर, नगरी, मड़ानार सहित कुल 52 गांवों के हजारों घरों–खेतों में अब लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर ओवरलोड की पुरानी समस्या खत्म हो जाएगी। अब भरपूर वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली मिलेगी।

- 52 गांवों को मिली लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति

**ईई ने दी बधाई**

कार्यपालन अभियंता आर.एल. सिन्हा ने बताया कि यह नया ट्रांसफार्मर लगने से पूरे क्षेत्र में बिजली की गुणवत्ता में भारी सुधार होगा। पंखे, बल्ब, मोटर सब तेज चलेंगे और बार–बार ट्रिपिंग की शिकायतें खत्म हो जाएंगी। ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

कई गांवों में लोग एक–दूसरे को फोन करके बधाई दे रहे हैं। जिला प्रशासन की यह पहल जिले के सुदूर अंचलों तक बेहतर बिजली पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम साबित हुई है। आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रें में भी ऐसे काम तेजी से होंगे।

### अमृत सरोवरों में विविध गतिविधियों का आयोजन



**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत 31 अमृत सरोवर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को एक प्रण जल संरक्षण की शपथ दिलाई। साथ ही सरोवर में स्वच्छता अभियान सहित पौधारोपण भी किया गया। इसके अन्य कार्यक्रम भी सम्पन्न किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, पंच गण सहित ग्रामीणजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।


# विश्रामपुरी–धामनपुरी मार्ग पर अंधेरा, रोज हो रहे हादसे

**कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल के पटेलपारा मोड़ पर क्रेडा विभाग द्वारा लगाई गई सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है। अंधेरे की वजह से इस मोड़ पर रोज छोटे–बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं।

- हरवेल पटेलपारा मोड़ पर सौर लाइट खराब होने से ग्रामीण परेशान

जानकारी के अनुसार यह मोड़ विश्रामपुरी ब्लॉक मुख्यालय, बालेंगा, राहटीपारा, लिहागांव, बासकोट, पारोंड, मैनपुर, पातरीपारा, किबड़ा और धामनपुरी जाने वाले मुख्य मार्ग पर है। शाम ढलते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है।

**6 महीने से सिर्फ आश्वासन मिल रहा: सरपंच :** हरवेल सरपंच महेश कुमार नेताम ने बताया कि नई सौर लाइट लगाने की मांग पिछले 5–6 महीनों से की जा रही है। क्रेडा विभाग के अधिकारी–कर्मचारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांव में भी अंधेरा छाया रहता है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और क्रेडा विभाग से तत्काल मांग की है कि खराब सौर लाइट को ठीक कराया जाए या नई लाइट लगाई जाए, ताकि लोगों की जान बच सके। राहगीर बोले रात में इस मोड़ से गुजरते वक्त डर लगता है, कब कोई गाड़ी टकरा जाए पता नहीं।



### दिगानार में जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम दिगानार में आयोजित जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के गुरुवार को भव्य रूप से समापन किया गया। समापन समारोह में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्यअतिथि के रूप शामिल हुए। समापन अवसर पर विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकू नेताम , जनपद सदस्य गण, लोकनाथ निषाद, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण, तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम बच्चों की ऊर्जा, प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



# दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

समावेशी शिक्षा में को खंड स्रोत केंद्र में दिव्यांग विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिला मिशन समन्वयक ईमेल बघेल ने अभिभावकों से कहा दिव्यांग बच्चे किसी भी सामान्य बच्चे से कम नहीं हैं। इनमें भी भावनाएं और संवेदनाएं होती हैं। इन्हें प्यार और आत्मविश्वास दें। इन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ें ताकि ये आत्मनिर्भर बन सकें। मास्टर ट्रेनरों ने अभिभावकों को दिव्यांग प्रमाण–पत्र कैसे बनवाएं छात्रवृत्ति, बालिका शिष्यवृत्ति, परिवहन भत्ता, मार्ग रक्षण भत्ता दिए गए उपकरणों का रखरखाव जीवन कौशल, थेरेपी और दैनिक गतिविधियों की ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग छात्रओं को शैक्षणिक लर्निंग सहायक सामग्री किट भी वितरित की गई।



**कार्यक्रम में रहे मौजूद** – शिक्षा प्रशिक्षण प्रभारी टूकेश शांडिल्य मास्टर ट्रेनर निशांत देवांगन बीआरपी श्रीमती स्मिता जोशी, श्रीमती गंगेश्वरी राज स्पेशल एजुकेटर अभिभावकों ने प्रशिक्षण को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि अब हमें पता चला कि हमारे बच्चों को कैसे आगे बढ़ाना है। जिला प्रशासन ने घोषणा की कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अब हर ब्लॉक में नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिए निर्देश

# एकलव्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब किचन गार्डन, डाइनिंग रूम को करें दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर एवं जिला स्तरीय एकलव्य समिति अध्यक्ष श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

- विद्यालयों की जिला स्तरीय समिति की बैठक

कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों से 2026 बोर्ड परीक्षा की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। कमजोर विषयों–छात्रों की पहचान कर विशेष कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए। परिणाम 90 प्रतिशत से ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब तुरंत चालू करें, किचन गार्डन और साफ–सफाई पर नो कंप्लायंस सभी एकलव्य विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर कक्ष और विज्ञान प्रयोगशाला पूरी तरह कार्यशील रखने के आदेश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रवेश, शिक्षक उपलब्धता और अन्य मुद्दों की समीक्षा बैठक में विद्यालयवार प्रवेशित बच्चों की संख्या, रिक्त शिक्षक पदों की स्थिति, छात्र–शिक्षक अनुपात पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग को नियमित मेडिकल चेकअप और पोषण की जिम्मेदारी दी गई।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री तिवारी जिले के सभी एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि एकलव्य विद्यालय आदिवासी बच्चों का भविष्य हैं। कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर 15 दिन में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## पेज 9 के शेष

### मोदी की गारंटी से...

के तहत प्राथमिकता मिलती रहेगी। यह परियोजना केवल सड़क निर्माण का कार्य नहीं,बल्कि बस्तर के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। बेहतर कनेक्टिविटी से स्वास्थ्य सुविधाएं, शैक्षणिक संसाधन और स्थानीय कृषि-वन उत्पादों की बाजार पहुँच में अभूतपूर्व सुधार होगा। यह लाइफलाइन प्रोजेक्ट बस्तर अंचल के जीवन स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

### सरकार की उपेक्षा ...

भत्ता,वर्ष 2019 से एरियर्स का जीपीएफ में समायोजन,सभी संवर्गों को चार स्तरीय समय-मान वेतनमान,लिपिक,शिक्षक, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समेत विभिन्न विभागों की वेतन विसंगति दूर करते हुए पिंगुआ कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग शामिल है। इसके साथ ही पहली नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, सहायक शिक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को तृतीय समयमान, नगरीय निकाय कर्मियों को नियमित वेतन-पदोन्नति,अनुकंपा नियुक्ति के 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण,कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने और दैनिक-अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु ठोस नीति बनाना आदि भी मांगें हैं।

### 29 एकड़ वन क्षेत्र में...

सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी के निर्देश पर एसडीओ, परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर, देवेन्द्र सिंह वर्मा, डिप्टी परिक्षेत्र अधिकारी आरके मिश्रा, उड़नदस्ता की टीम शामिल रही। बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिले के एसडीओ, परिक्षेत्र अधिकारी को निर्देश दिया कि अतिक्रमण को हटाएं।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों की बैठक हुई

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय दंतेवाड़ा में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई। बैठक में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित करने, संग्रहित करने एवं उसके डिजिटाइजेशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों को अब तक की प्रगति से अवगत कराया तथा राजनीतिक दलों को प्रगति सूची भी प्रदान की। राजनीतिक दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की तथा आवश्यक सहयोग जारी रखने का आश्वासन दिया। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा बलों ने की ग्रामीणों के साथ संवाद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की जन-जुड़ाव एवं विश्वास पहल के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा विकास, सुरक्षा और विश्वास को सुदृढ़ करने हेतु लगातार ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने, सुझाव प्राप्त करने तथा माओवादी गतिविधियों से दूरी बनाने हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य लेकर सुरक्षा बलों द्वारा आज विभिन्न ग्रामों में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों को शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की विस्तृत जानकारी दी गई तथा परिवार, रिश्तेदारों में सक्रिय माओवादी सदस्यों को समाज की मुख्यधारा में लौटने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक सामाजिक जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित किया गया। आसपास के जंगल, रास्तों पर किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, स्पाइक, तार, संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल निकटतम थाना, कैम्प को सूचना देने का आग्रह किया गया। चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनके निराकरण का प्रयास किया गया।

# निष्क्रिय खातों के हकदारों को 0.72 करोड़ की राशि वापसी में बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों को पुनः सक्रिय करने और नागरिकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक सभी ब्लॉकों में विशेष शिविर आयोजित के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष योजना के तहत चल रहे इन कैंपों का उद्देश्य पिछले दस वर्षों से बंद पड़े खातों का त्वरित, पारदर्शी और सरल निपटान करना हैं। कार्यशाला में अभियान आपकी पूंजी, आपका अधिकार के तहत निष्क्रिय बैंक खातों में जमा राशि वापस दिलाने में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। अब तक जिले में 0.72 करोड़ रुपए की राशि हकदारों को लौटा दी गई है। जिला प्रशासन की सक्रियता और लगातार चलाए जा रहेजागरूकता शिविरों के फलस्वरूप ऐसे खातों की पहचान की गई है, जिन पर वर्षों से कोई दावा नहीं किया गया था।

इन निष्क्रिय खातों में कुल 12 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दर्ज है जिसे हकदारों तक पहुंचाने के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं दावा प्रक्रिया तेज गति से जारी है। अभियान के दौरान बैंकवार रिपोर्ट में सबसे अधिक निष्क्रिय उपभोक्ता भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े हुए पाए गए। शिविरों में 150 से अधिक नागरिक पहुंचे जिनके दस्तावेज सही पाए जाने पर उनके दावों का तत्काल निपटान किया गया और उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। आधार, पैन सत्यापन, दावा फॉर्म भरने तथा निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की पूरी प्रक्रिया शिविर स्थल पर ही पूर्ण कराई गई।इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक जगदलपुर मोहित सिंगल, अग्रणी बैंक अधिकारी दंतेवाड़ा शिवराम बघेल सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### इस सीजन का नया टूरिस्ट स्पॉट बना ग्राम मेंडोली

# पीले फूलों की छटा बिखेरते राम तिल के खेत बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले की प्राकृतिक सुंदरता मानसून एवं शीतऋतु में हमेशा से ही दर्शनीय रहती है। मानसून तो बीत चुका है परन्तु अब इस ठंड के मौसम में भी जिले का प्राकृतिक सौंदर्य प्रकृति प्रेमियों को लुभाने में सक्षम है। इन सभी के बीच विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम मेंडोली में रामतिल की खेती इस प्राकृतिक सौंदर्य को चार चांद लगा रही है। जिले से 20 किलोमीटर दूर ग्राम मेंडोली पहुंचने पर सड़क दोनों ओर रामतिल फसल के लहलहाते पीले फूलों से ढके खेत देखकर ऐसा लगता है मानो धरती ने पीला दुशाला ओढ़ रखा हो। फोटोग्राफी प्रेमियों और प्रकृति को निहारने वालों के लिए ये सभी खेत आकर्षण का नया केंद्र बन गया है। सुबह की रोशनी और शाम की हल्की धूप में रामतिल के पीताभ फूलों की सुषमा के बीच दृश्य इतना मनमोहक दिखता है कि हर आगंतुक इसे कैमरे में कैद किए बिना आगे नहीं बढ़ता। रामतिल की खेती कर रहे मेंडोली ग्राम के किसानों में से एक मंगडू कश्यप का कहना है कि उन्होंने पारंपरिक फसलों के स्थान पर पहली बार रामतिल जैसे वाणिज्यिक वैकल्पिक फसल को चुनने का निर्णय लिया है। वे कहते है कि इस फसल को तैयार करने में उन्हें बहुत कम पानी की आवश्यकता हुई और कम मेहनत और लागत के साथ उनकी फसल तैयार हो गई। विभागीय सूत्रों की मानें तो रामतिल की फसल बाजार मूल्य अन्य फसलों की तुलना में अधिक है। जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ज्ञातव्य है कि कृषि विभाग और जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ चयनित कृषकों को बीज की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है, जिसके लिए सीड बैंक की विशेष व्यवस्था लागू की गई है ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर और स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। नेशनल ऑयलसीड मिशन के अंतर्गत दंतेवाड़ा विकासखंड में कावड़गांव को क्लस्टर बनाकर तिलहन उत्पादन का विस्तार किया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत मंडोली सहित चितालुर, पोंदूंम, जारम, मेटापाल, कावड़गांव और डुमाम जैसे गांवों के किसानों द्वारा 1 से 5 एकड़ तक रामतिल की बुवाई की गई है। निर्धारित लक्ष्य अनुरूप जिले के 100 हेक्टेयर क्षेत्र में 150 किसानों को रामतिल की बुआई के लिए चिन्हांकित किया गया था। और कृषि विभाग द्वारा फसल की मॉनिटरिंग करने पर पाया गया कि सभी गांवों में फसल की स्थिति अत्यंत उत्तम है।

# स्वास्थ्य केंद्र से इंतजार कर लौट रहे मरीज, ओपीडी से डॉक्टर गायब

### जिम्मेदारों को जिम्मेदारी का एहसास ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



अस्वस्थ्य उप-स्वास्थ्य केंद्र को उपचार की जरूरत हैं, मरीज ओपीडी में घंटों बैठकर डॉक्टर के आने का इंतजार करने मजबूर हैं। दूसरी ओर जंगलों में स्वास्थ्य अमला पहुंच कर इलाज का राग अलाप रहे हैं। राज्य शासन बेहतर

- **बिना जांच के मरीज दवाई लेनें मजबूर**

स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत अर्बन एवं ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले है, जिनमें क्षेत्र की आबादी के मुताबिक बिस्तर तय हैं कहीं 10 या किसी स्वास्थ्य केंद्र में 50 बिस्तर तक उपलब्ध हैं। किन्तु केवल उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने भर से उपचार नहीं होगा, इसके लिए डॉक्टरों का मौजूद होना जरूरी हैं।

आज हम बात कर रहे हैं बीजापुर जिला मुख्य से तकरीबन 30-35 किलो मीटर दूर गंगालूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का, जहां ओपीडी से डॉक्टर नदारद रहे और उपचार कराने आये हुए मरीज घंटों बैठकर इंतजार करते रहे। कर्मचारी से पूछने पर बताया की वर्तमान में दो डॉक्टर हैं जो खाना खाने गये हुए हैं। जबकि डॉक्टरों के बैठने का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हैं। इस बीच 1 घंटा लंच ब्रेक रहता हैं।

अपनी बेटी अंसनी ताटी का इलाज कराने आये लखमू ताटी ने बताया की पिछले तीन दिनों से उसको तेज बुखार हैं जिसका इलाज कराने आया हूं। 1 बजे से डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं 3 बजने को हैं डॉक्टर नहीं आये। वही एक अन्य युवक अपनी 8 वर्षीय बेटी संगीता पुनेम को लेकर उपचार के लिए पहुंचा हैं, कई बार स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद लैब अटेंडर को पूछ चुका हूं जो हर बार यही कह रहे हैं डॉक्टर को फोन कर दिया हूं, आ रहे हैं दो घंटे से बस यही कह रहे हैं डॉक्टर साहब आ रहे है लेकिन अब तक नहीं आये हैं। ऐसा कई औऱ भी मरीज मौजूद रहे वो अंततः थक हार कर स्वास्थ्य केंद्र से दवाई लेकर जाने मजबूर हो गये।

### डॉक्टर नहीं रहते उपस्थित

कुछ दिनों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जंगलों के अंदर बसे गांव में पहुंच कर ग्रामीणों की जांच कर इलाज कर रहा हैं। परन्तु सवाल यह हैं कि स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर उपस्थित क्यों नहीं रहते हैं। जों मरीजों के इलाज का सारा बोझ नर्सो के कंधो पर डाल अपनी जिम्मेदारियां से मुंह फेर रहे हैं। बीते दिनों वापल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसी ही लापरवाही के कारण एक मासूम की मौत हो गई थी।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कलेक्टर ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं दीं।सेवानिवृत्त होने वाले

- **सेवानिवृत्त के दौरान सौंपे गए पेंशन प्रमाण पत्र**

कर्मचारियों में प्रधान पाठिका अख्तरी बेगम पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में पदस्थ थीं। नेतराम ठाकुर जनपद पंचायत उसूर में विकास विस्तार अधिकारी के रूप में कार्यरत थे तथा डोरिस लाल जो स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ थे शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी डोरिस लाल का सेवानिवृत्ति से मात्र 15 दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। इस कारण उनका पेंशन प्रमाण पत्र उनके परिवार की ओर से उपस्थित बहू महिमा लाल को सौंपा गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन अमन कुमार झा तथा जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि तीनों कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों को समय पर निपटाने में संबंधित लिपिकों तथा कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। जिसके परिणामस्वरूप सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किए जा सके।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेज एवं प्रक्रियाओं को पूर्ण करें ताकि किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन मिलने में देरी न हो और उन्हें समय पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा सके।

# अधोसंरचना विकास में तेजी व सैचुरेशन शिविर लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



### निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हिरोली में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्ता व निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। भैरमगढ़ ब्लॉक के फुंडरी में उच्च स्तरीय पुल का निरीक्षण कर उन्होंने सेतु निर्माण कार्यपालन अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा ग्रामीणों की हैण्डपम्प व स्वास्थ्य सुविधा की मांग पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान एडिशनल एसपी अमन कुमार झा, एसडीएम जागेश्वर कौशल, डीएसपी विनीत कुमार साहू, सीईओ पी. आर. साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह दौरा सुदूर इलाकों में तेजी से विकास कार्यों को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने बीजापुर एवं भैरमगढ़ ब्लॉक के सुदूर एवं अंदरुनी क्षेत्रों का दौरा करते हुए सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत अधोसंरचना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने हेतु सैचुरेशन शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अपने दौरे की शुरुआत पेद्दाकोरमा से करते हुए ग्रामीणों से चर्चा की। योजनाओं की पहुंच पर बात करते हुए ग्रामीणों की मांग के आधार पर मंगलवार व बुधवार को सैचुरेशन शिविर लगाने के निर्देश एसडीएम व जनपद पंचायत सीईओ को दिए। उन्होंने स्वीकृत स्कूल व आंगनबाड़ी भवन निर्माण की प्रगति तेज करने को कहा। पेद्दाकोरमा में सीआरपीएफ द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्रियाँ तथा युवाओं को खेल सामग्री वितरित की गई। कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग निर्देशित एसआइआर कार्यों का भी निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ व पटवारी को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम जीएसवीएम के कार्यपालन अभियंता को सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा।

### शैक्षणिक संस्थानों का किया अवलोकन

पेद्दाकोरमा एवं कोरचोली के प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण कर कलेक्टर बच्चों की पढ़ाई से प्रभावित हुए। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। कलेक्टर ने पीडिया, कोपागुड़ा, तोड़का व कोरचोली कैम्प का भी अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। तोड़का, कोरचोली, सांवनार और नेण्ड्रा के ग्रामीणों की मांग पर अगले गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सैचुरेशन शिविर लगाने के निर्देश दिए। कोरचोली में निर्माणाधीन स्कूल व आंगनबाड़ी भवन को जल्द पूर्ण करने कहा गया। उन्होंने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से बात कर बैंक खातों में राशि अंतरण की स्थिति जानी और इसकी पुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीडिया के ग्रामीणों द्वारा गंगालूर से राशन लाने की मजबूरी बताने पर कलेक्टर ने अगले माह से ट्रैक्टर द्वारा स्थानीय स्तर पर राशन पहुंचाने के निर्देश दिए। पटेलपारा के ग्रामीणों से चर्चा कर उन्होंने योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश कुमार लहरी, सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिये।

उन्होंने बताया कि यूजीसी ने महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने हेतु निर्देश दिया गया है ताकि मानसिक और भावनात्मक रूप से किसी को समस्या हो तो उनका निदान किया जा सके। इस पर विशेष जोर देने हेतु प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला किया गया। कार्यक्रम का संयोजक मारुति नंदन मरकाम मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के प्रभारी ने पूरे कार्यक्रम का रूपरेखा बनाकर इस कार्यक्रम को संपादित किया। कार्यशाला में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक अर्चना झा, राहुल गौरखेड़े, विश्वत ध्रुव, समस्त अतिथि व्याख्याता डॉ. सुभाष सोनी, डीगेश गायधने, रामेश्वरी सिंह, डॉ. गौरव पांडे, डॉ. खमेशवर नेताम तथा महाविद्यालय के समस्त छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नियति अग्रवाल ने किया।

### जिला स्तरीय कार्यशाला हुआ

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से जिले में किशोरी सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम एवं माहवारी स्वच्छता विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए अभिभावकों की सहभागिता से प्रत्येक बच्चे के घर में पढ़ाई का कोना बनाने एवं आज क्या सीखा विषयवस्तु पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही युनिसेफ कार्यक्रम के तहत प्रिया वाडकर द्वारा जिले के शक्ति केन्द्र में समस्त संकुल समन्वयक एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सक्रिय महिलाओं एवं किशोरियों में शिक्षा की आवश्यकता, पालक शिक्षक बैठक में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

# प्रशासन की अनदेखी से किसान नाराज, इंद्रावती नदी बचाने अब स्वयं करेंगे बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



इंद्रावती नदी की गिरती स्थिति और जर्जर डेमों को लेकर इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति एवं क्षेत्रीय किसानों में भारी रोष व्याप्त है। समिति के सदस्य इन दिनों गांव-गांव जाकर इंद्रावती नदी पर निर्मित डेमों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकांश डेम जर्जर स्थिति में पाए गए हैं जिन पर न तो मरम्मत हुई है और न ही पानी रोकने की कोई समुचित व्यवस्था है।

पानी लगातार बह रहा है और सिंचाई के लिए आवश्यक जलसंग्रह नहीं हो पा रहा, जिससे किसान गहरी चिन्ता में हैं। किसानों का कहना है कि 10 नवंबर को प्रशासन को ज्ञापन देकर इंद्रावती नदी का पानी रोकने और डेमों की मरम्मत कराने की मांग की गई थी। इसी तारीख को किसानों ने अपर कलेक्टर को मक्का के न्यूनतम समर्थन मूल्य से संबंधित मांग भी सौंपी थी। ज्ञापन के बाद किसानों को उम्मीद थी कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा, लेकिन कई दिनों बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण किसानों का धैर्य टूट गया है। प्रशासनिक निषक्रियता के चलते अब किसान स्वयं स्थिति का आकलन करने निकल पड़े हैं। संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ क्षेत्र के ग्रामीण भी डेमों का जायजा लेने के लिए गांव-गांव घूम रहे हैं। वे कह रहे हैं कि यदि समय पर डेमों की मरम्मत कर दी जाती, तो आज खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंच पाता और फसलों को नुकसान नहीं होता। लगातार पानी बह जाने से सिंचाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इसी नाराजगी के बीच इंद्रावती बाजार संघर्ष समिति मंगलवार को प्रस्तावित कलेक्टर घेराव की तैयारी में क्षेत्रभर में बैठकों का आयोजन कर रही है। किसानों का आरोप है कि बरसात खत्म होने के बावजूद प्रशासन ने डेमों की मरम्मत में कोई रुचि नहीं दिखाई। उनका कहना है कि प्रशासन किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है, जिसके कारण फसलों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है । एक ओर पानी उपलब्ध नहीं है और दूसरी ओर उत्पादन पर संकट गहराता जा रहा है। संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि प्रशासन से किसानों की उम्मीद अब पूरी तरह टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि उड़ीसा के जोरा नाला क्षेत्र से लेकर चित्रकोट तक संघर्ष समिति ने बिना किसी सरकारी मदद के पानी रोकने के वैकल्पिक उपाय अपनाने का निर्णय लिया है। समिति का कहना है कि ग्रामीणों और वादियों के सहयोग से बोरी बंधान की व्यवस्था की जाएगी और यदि आवश्यकता पड़ी तो किसान स्वयं बोरी खरीदकर डेमों को बांधेंगे।

बघेल ने यह भी बताया कि प्रशासन की उदासीनता समझ में आने के बाद ही समिति ने अपनी रणनीति बदलते हुए स्वयं डेमों की मरम्मत और पानी रोकने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उनके अनुसार यदि प्रशासन इसे नहीं कर सकता तो किसान और ग्रामीण मिलकर यह कार्य करेंगे ताकि सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में युवा किसान समूहों ने इंद्रावती नदी पर बने सभी डेमों का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन करने का निर्णय लिया है। मंगलवार को युवा किसान जल संसाधन विभाग तथा जिला प्रशासन को निरीक्षण रिपोर्ट से अवगत कराएंगे। उनका कहना है कि यदि प्रशासन अब भी सक्रिय नहीं होता, तो किसान अपने संसाधनों व सहयोग राशि से पानी रोकने की पूरी व्यवस्था स्वयं करेंगे। ग्राम पंचायत भौंड के पंच कृपालु कश्यप ने भी किसानों की मांगों को उचित बताते हुए कहा कि शासन का रवैया किसानों के प्रतिकूल है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की उम्मीद अब शासन और प्रशासन से पूरी तरह खत्म हो चुकी है। कश्यप ने बताया कि ग्रामीणों और किसानों ने मिलकर सहयोग राशि जुटानी शुरू कर दी है और उसी राशि से वे डेमों पर बोरी बंधान कर पानी को रोकने की व्यवस्था करेंगे। किसानों ने साफ कहा है कि यदि सरकार उनकी बात नहीं सुन रही, तो वे अपने दम पर इंद्रावती नदी को बचाने का अभियान जारी रखेंगे। उनका कहना है कि यह लड़ाई सिर्फ फसल और पानी की नहीं बल्कि बस्तर की खेती को बचाने की लड़ाई है जिसे वे हर हाल में लड़ते रहेंगे। भोंड सरपंच जलंधर कश्यप, सुभाष कश्यप,मनी बघेल ,दिनेश मौर्य, सहदेव बघेल, लच्छू राम बघेल, कंवल बघेल,बामदेव बघेल ,कमलचंद ठाकुर, चंदन ठाकुर, समदु बघेल, फाल्गुनी बघेल, परदेशी मौर्य, आसमन बघेल एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्र./ब-121/202510152300070/2025-26
ग्राम प.ह.नं.-09 तहसील लोहण्डीगुड़ा

एतद् द्वारा ग्राम तोयर के जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती लच्छनी पिता मंगड़ू जाति माड़िया निवासी ग्राम तोयर के द्वारा जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा का मूल प्रति एवं आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका स्वयं का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते हैं। आवेदिका स्वयं लच्छनी पिता मंगड़ू का जन्म/मृत्यु दिनांक 01.01.2006 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 28.11.2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अविध तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

## खबर संक्षेप

### विद्यालय परिसर, पार्क में की गई साफ-सफाई



**बास्तानार।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए आदेश का पालन करते हुए विद्यालय प्राचार्य और समस्त स्टाफ तथा सफाई कर्मचारियों ने विद्यालय प्रांगण, छात्रावास परिसर, विद्यालय के पार्क सहित नालियों आदि की साफ़-सफाई करके स्वच्छ भारत संकल्प को मजबूत किया। बीते दिनों नई दिल्ली मुख्यालय से जारी आदेशानुसार समस्त स्टाफ को नियमित रूप से विद्यालय तथा आसपास नियमित रूप से साफ सफाई करते रहना है । जिससे बच्चों को शिक्षा के लिए एक स्वस्थ व स्वच्छ पर्यावरण दिया जा सके।

### पायलट के बस्तर दौरे से भाजपा में तिलमिलाहट

**जगदलपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन



पायलट के बस्तर आगमन और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए जोरदार स्वागत से भाजपा नेताओं की घबराहट साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने बस्तर सांसद महेश कश्यप और भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे को चुनाव आयोग का प्रवक्ता बताते हुए सवाल किया कि बिहार में एसाईआर के बाद हटाए गए 65 लाख मतदाताओं में से कितनों को घुसपैठिया चिन्हांकित किया गया और केंद्र सरकार ने अब तक उन पर क्या कार्रवाई की।
जावेद खान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जब भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाती है, पूरी भाजपा उसके बचाव में खड़ी हो जाती है, जिससे संदेह और गहरा होता है। उन्होंने कहा कि एसाईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है; पहले भी आठ बार हो चुका है। आपत्ति केवल इसलिए उठ रही है क्योंकि वर्तमान आयोग की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं है और वह सत्ता पक्ष के हित में काम करती प्रतीत होती है। प्रवक्ता ने विदेश मंत्रालय के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि मोदी शासन के 11 वर्षों में केवल 3518 बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रत्यर्पित किया गया, जबकि यूपीए सरकार ने दस साल में 88,792 घुसपैठियों को बाहर किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा घुसपैठ पर केवल राजनीति कर रही है और बस्तर की जनता को गुमराह किया जा रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष ने किया मितानिनों का सम्मान



**जगदलपुर।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने अपने वार्ड की मितानिन बहनों को मितानिन दिवस पर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने मितानिनों की निष्ठा,सेवा भावना और निरंतर सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य सेवाओं, जनकल्याण योजनाओं और शासन की महत्वपूर्ण पहलों को घर–घर तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। उनके व्यापक योगदान को देखते हुए वर्तमान मानदेय अत्यंत कम है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मितानिन बहनों को या तो कलेक्टर दर अथवा नियमित कर्मचारियों के समान मान दिया जाना चाहिए, क्योंकि समान कार्य के लिए समान वेतन उनका अधिकार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे वार्डवासियों और मितानिन बहनों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में एमटी सुखमति बघेल,नईम खान, मितानिन सुखमति राव,मीना हलधर, गायत्री साहू,जमुना नेताम, विश्वनाथ चौधरी,सावित्री बतक,कुंतीला चालकी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर बसे मांगनार में बीते 7 सालों से ग्रामीण बनाते आ रहे हैं जुगाड़ का पुल

अविनाश गोस्वामी ▶▶| दंतेवाड़ा

शासन-प्रशासन से वर्षों से की जा रही मांग के बावजूद जब स्थायी पुल का निर्माण नहीं हुआ तो मंगनार और आसपास के ग्रामीणों ने एक बार फिर अपनी पहल पर नदी पर अस्थायी जुगाड़ पुल तैयार कर लिया है। दंतेवाड़ा और बीजापुर दोनों जिलों की सीमा पर बसे मंगनार में ग्रामीणों ने बिजली के पोल और बांस की मजबूत बाड़ी का उपयोग करते हुए गुडरा नदी पर यह पुल खड़ा किया है। बीते 7 सालों से ग्रामीण गुडरा नदी पर बांस की बाड़ी और बिजली के पोल से बनाते आ रहे है पुल।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान नदी उफान पर रहती है। जिससे उनका संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। मंगनार और कौशलनार पंचायत से बीजापुर जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है जबकि दंतेवाड़ा 50 किलोमीटर दूर है। ऐसी स्थिति में स्थायी पुल न होने से आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों को गंभीर आवाजाही संकट का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने साफ कहा है कि वीडियो जारी कर वे एक बार फिर संदेश दे रहे हैं। अब क्षेत्र में स्थायी पुल का निर्माण बेहद जरूरी है। कई वर्षों से लगातार मांग के बावजूद समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**स्वास्थ्य सुविधा के लिए पड़ोसी जिले पर निर्भर :** गांव के ग्रामीण बताते है कि जब गांव में कोई बीमार पड़ जाता है या कोई महिला गर्भवती होती है तो उसे भी दंतेवाड़ा जिले के बारसूर ले जाना पड़ता है। मांगनार समेत गुडरा नदी के पार बसे लगभग दो दर्जन से भी अधिक गांव बीजापुर जिले में आते है। इन सभी गांवों के ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी समानों से लेकर स्वास्थ्य सुविधा के लिए दंतेवाड़ा जिले के बारसूर पर निर्भर रहना पड़ता है।

**बांस के घेरे से तैयार किया पिलर :** ग्रामीणों ने बांस से घेरा बनाकर उसके भीतर बड़े-बड़े पत्थर भरे और इन्हीं अस्थायी पिलरों पर बिजली के पोल बिछाकर पुल का स्वरूप दिया। कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने पुल निर्माण का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित किया था। उनका कहना है कि हर साल जलस्तर कम होने पर मंगनार, कौशलनार समेत आसपास के दो दर्जन गांवों के लोग इसी तरह का अस्थायी पुल बनाकर आवागमन की सुविधा जुटाते हैं।

## मांगनार पंचायत से बीजापुर जिले की दूरी 150 किलोमीटर



### जान जोखिम में डालकर करते हैं नदीं पार

ग्रामीण माया राम ने बताया कि पिछले कई सालों से हम और आस पास के 6 से 7 गांवों के ग्रामीण गुडरा नदी का जल स्तर कम होने से नदी में बिजली के पोल से पुल बनाते आ रहे है। जब बरसात में नदी का जल स्तर बढ़ जाता है तो हम अपनी जान जोखिम में डालकर लकड़ी के नाव से नदी पार करते हैं। पुल के लिए कई बार मांग की लेकिन कुछ निराकरण नहीं हुआ।



### पुल की मांग की गई पर निराकरण नहीं हुआ



उदय सिंह कश्यप का कहना है कि नदी में कोई आने जाने की सुविधा नहीं है तो मांगनार गांव और आस पास के गांवो के ग्रामीण मिलकर पुल तैयार करते हैं। शासन-प्रशासन से मांग करके देखे किसी ने कुछ निराकरण नहीं किया तो हम सभी मिलकर श्रमदान करके पुल बनाते है। जब कोई गांव में बीमार पड़ता है तो एम्बुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंचती है। बीमार मरीजों को खाट के सहारे नदी पार करवाकर सातधार तक लेकर जाते है तब वहां से एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाते हैं।

## कमिश्नर ने स्कूल शिक्षा विभाग की ली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

# बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट नतीजे हासिल करने पर करें ध्यान केन्द्रित : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा है कि हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट नतीजे हासिल करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की

- शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने विद्यालय स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता

गुणवत्ता सुधारना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए विद्यालय स्तर पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस दिशा में शिक्षकों की अध्यापन के साथ ही सुविधा की उपलब्धता के आधार पर ऑनलाइन टीचिंग मटेरियल तथा ई-विद्या का बेहतर उपयोग कर बच्चों की पढ़ाई पर फोकस करें। साथ ही विषय विशेषज्ञ के तौर पर स्वेच्छा से सेवाएं देने वाले अधिकारियों सहित मैदानी कर्मचारियों को बच्चों की पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वर्तमान में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देकर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु बूथ लेवल आफिसर्स को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। इस दिशा में बीईओ, बीआरसी और संकुल समन्वयकों को भी जिम्मेदारी सौंपकर कम प्रगति वाले बूथों पर सहायता प्रदान किया जाए। कमिश्नर बस्तर गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम तभी संभव हैं जब विद्यालयों में नियमित कक्षाएं, विषय-विशेष प्रशिक्षण, मॉडल परीक्षा, टेस्ट सीरीज और कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन पर जोर दिया जाए। उन्होंने स्कूलों में पढ़ाई के वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का सतत मूल्यांकन करें और जहां आवश्यकता हो, अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करें। कमिश्नर ने यह भी कहा कि शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से विद्यार्थियों के लिए आवश्यक संसाधन और अध्ययन सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाए। विद्यालयीन शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सुविधा की उपलब्धता के आधार पर ऑनलाइन टीचिंग मटेरियल और ई-विद्या प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि डिजिटल संसाधन आज की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं, ऐसे में इनका प्रभावी उपयोग छात्रों की सीखने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है।

बैठक में डिप्टी कमिश्नर गीता रायस्त, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा एचआर सोम, जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बीआर बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वहीं अन्य जिलों के शिक्षा विभाग के अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

### निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों के वितरण को सराहा

कमिश्नर ने बस्तर संभाग के सभी लक्षित बच्चों को निःशुल्क गणवेश प्रदाय सहित पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता को सराहनीय निरूपित किया। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम से अब तक प्राप्त 29 लाख 50 हजार पुस्तकों में से आवश्यकता के अनुरूप 28 लाख 90 हजार से अधिक पुस्तकें प्रदाय के बाद शेष गणवेश एवं पुस्तकों को वर्तमान में दूरस्थ ईलाके में पुनः खोले गए स्कूलों के बच्चों को जरूरत के आधार पर वितरित किए जाने के निर्देश दिए।

## वन कर्मचारी संघ ने 4 खिलाड़ियों का किया सम्मान



**जगदलपुर।** वन कर्मचारी संघ कार्यालय जिला बस्तर में भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता, देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए बस्तर जिले के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बस्तर जिले के इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने न केवल जिले का, बल्कि पूरे वन विभाग एवं प्रदेश का नाम गौरव से ऊंचा किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दामोदर सेठिया, बस्तर वन कर्मचारी संघ द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांत, संभाग एवं जिला स्तर के पदाधिकारी तथा समस्त वन कर्मचारी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों ने उपलब्धियां दी।
खिलाड़ियों की प्रमुख उपलब्धियों में रॉबर्टसन कोशी को बैडमिंटन में सिल्वर मेडल, अनिल नेताम को वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग में गोल्ड एवं ब्रॉन्ज मेडल, धनुर्जय कश्यप को 110 मीटर बाधा दौड़ में सिल्वर मेडल और हेमा पदमी को तीरंदाजी प्रतियोगिता में सहभागिता की। चार खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समस्त वन परिवार गौरवान्वित है। उनकी सफलता से प्रेरणा लेकर भविष्य में और भी अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर अपना परचम लहराएंगे।

### बस्तर में अमीन भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

## 6 उड़नदस्ता दल मैदान में नकल पर सख्त निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में आगामी अमीन भर्ती परीक्षा को निर्विघ्न, पारदर्शी और नकलमुक्त वातावरण में संपन्न कराने प्रशासन ने कमर कस ली है। रविवार को दोपहर 12 से 2.15 बजे तक आयोजित होने वाली इस लिखित परीक्षा के लिए कलेक्टर हरिस एस द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में कुल छह उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग के अमीन के रिक्त पदों हेतु आयोजित की जा रही है।

इन उड़नदस्ता दलों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस अधिकारी तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारी शामिल हैं, जो जिलेभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में सतत निगरानी रखेंगे। प्रत्येक दल को लगभग 10 परीक्षा केंद्रों का प्रभार सौंपा गया है, जहां वे परीक्षा कक्ष, परिसर, प्रवेश द्वार और आसपास की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखेंगे।

### घुसपैठिया मुद्दे पर सांसद की चुप्पी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल व सोशल मीडिया विभाग के महासचिव योगेश पानीग्राही ने भाजपा सांसद महेश कश्यप पर घुसपैठियों के मुद्दे पर मौन रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद ने अपने ही चुनावी वादों को ताक पर रख दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के उठाए सवालों को सांसद कश्यप ने अनजाने में ही पुष्ट कर दिया है और महज पाँच मिनट में चुनाव आयोग के प्रवक्ता जैसी भूमिका निभा डाली। योगेश पानीग्राही ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान महेश कश्यप ने बस्तर में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की मौजूदगी को बड़ा मुद्दा बनाया था और उन्हें खदेड़ने का वादा किया था। परंतु सांसद बनने के बाद उन्होंने न तो संसद में एक भी प्रश्न पूछा और न ही डबल इंजन सरकार के दौरान पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर कोई ठोस पहल की।

# आईएएस संतोष वर्मा के बयान पर ब्राह्मण समाज का कड़ा विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जिले में तीव्र रोष

- बेटियों के खिलाफ टिप्पणी अशोभनीय, पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा मांगपत्र

उभर आया है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि एक उच्च प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारी द्वारा जाति और बेटियों के सम्मान से जुड़े विषय पर इस प्रकार का बयान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

मामले पर गंभीर प्रतिक्रिया देते हुए ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के नाम कड़ा मांगपत्र अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट लिखा गया है कि समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान पर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ब्राह्मण समाज युवा मंच के शहर अध्यक्ष किरण शुक्ला के नेतृत्व में अभय दीक्षित, पंकज मिश्रा, योगेश मिश्रा, राज पाण्डेय, अरुणेंद्र शुक्ला, शैलेन्द्र पांडे सहित अनेक विप्रजन मौजूद रहे। समाज ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

ब्राह्मण समाज द्वारा दिए गए मांगपत्र में कहा गया कि एक आईएएस अधिकारी की जिम्मेदारी निष्पक्षता, संयम और मर्यादित भाषा में होती है, ऐसे में बेटियों के सम्मान पर की गई टिप्पणी न केवल प्रशासनिक आचरण के विपरीत है बल्कि सामाजिक सद्भाव पर भी आघात करती है। समाज ने प्रशासन से त्वरित जांच, कठोर अनुशासनात्मक कदम और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने की मांग की है।

# मितानिन दिवस पर आड़ावाल में सेवा और समर्पण का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम पंचायत आड़ावाल में मितानिन दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया, जहां ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में समर्पित भूमिका निभाने वाली मितानिनों का सम्मान वस्त्र प्रदान कर और फूल-माला पहनाकर किया गया। उन्हें घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनके सेवाभाव की सराहना की गई।

कार्यक्रम में समाज सेविका, लेखिका एवं वरिष्ठ नागरिक अंजली मिश्रा को समाजहित में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मितानिनों का उत्साह बढ़ाने के लिए उनसे जुड़ी प्रेरक कविता और स्वयं लिखित हल्बी गीत प्रस्तुत किए गए, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे।

आयोजकों ने संदेश दिया कि मितानिनें अपनी जिम्मेदारियों को सहजता और लगन से निभाती रहें, एक-दूसरे का सहयोग बनाए रखें और स्वास्थ्य जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका जारी रखें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आड़ावाल सरपंच जयंती कश्यप, उपसरपंच, सचिव तूलमनी साहू, पंच सदस्य विकास सिकंदर,आयतु कश्यप,तुलसी कश्यप, राधा वड्डे, मोनू मरकाम सहित बड़ी संख्या में नागरिक और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## कांग्रेस बौखलाहट में, हार से उत्पन्न निराशा में निर्वाचन आयोग पर निराधार आरोप

# देश में किसी भी अवैध घुसपैठिए को वोट का अधिकार नही : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट द्वारा निर्वाचन आयोग पर लगाए गए गंभीर आरोपों को सांसद महेश कश्यप ने हार की बौखलाहट

- संगठनात्मक कमजोरी छुपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रही है कांग्रेस

और लोकतंत्र को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी निश्चित हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर अपनी विफलता छिपाने का प्रयास कर रही है।

सांसद कश्यप ने कहा कि कांग्रेस का यह रवैया नया नहीं है। जब भी उसे पराजय का सामना करना पड़ता है, वह ईवीएम और चुनाव आयोग पर आधारहीन आरोप लगाने लगती है। निर्वाचन आयोग पूर्णतः निष्पक्ष और संवैधानिक संस्था है। उस पर 'आदिवासियों और दलितों के नाम मतदाता सूची से काटने की साजिश' जैसे दावे न सिर्फ तथ्यहीन हैं बल्कि बस्तर के ईमानदार मतदाताओं का गंभीर अपमान भी हैं। कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक कमजोरी छुपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाना बंद करना चाहिए।

घुसपैठियों संबंधी बयान पर



प्रतिक्रिया देते हुए सांसद कश्यप ने कहा कि भाजपा स्पष्ट मानती है कि देश के किसी भी हिस्से में अवैध घुसपैठिए को वोट डालने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। यदि सचिन पायलट के पास 'वोट चोरी' से जुड़े कोई ठोस सबूत हैं, तो उन्हें हवा में बयान देने के बजाय सार्वजनिक करना चाहिए और न्यायालय का दरवाजा खटखटाना चाहिए। कांग्रेस सदैव घुसपैठियों पर नरम रही है, जबकि भाजपा नागरिकता की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। सांसद कश्यप ने निर्वाचन आयोग से मांग की कि कांग्रेस के इन गैर-जिम्मेदाराना बयानों का संज्ञान लिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा बस्तर की जनता को आश्वस्त करती है कि हम पूरी निगरानी में हैं और आयोग की निष्पक्षता पर हमें पूर्ण विश्वास है। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनावी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए और अपनी हार स्वीकार करनी चाहिए, न कि आधारहीन आरोप लगाकर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करना चाहिए।

सांसद ने कहा कि कांग्रेस हार की आशंका से बौखलाकर चुनाव आयोग पर तथ्यहीन आरोप लगा रही है, जबकि आयोग एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठियों को मताधिकार न देने की भाजपा की नीति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है और यदि कांग्रेस के पास 'वोट चोरी' के सबूत हैं तो उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहिए। कश्यप ने आपातकाल का हवाला देते हुए कांग्रेस को लोकतंत्र विरोधी मानसिकता वाला दल बताया और कहा कि बस्तर की जनता जानती है कि उसे कौन भ्रमित कर रहा है।

